

## एक नजर में

### सफाई कर्मी को सेवानिवृत्त होने पर दी शानदार विदाई



**मंडलेश्वर, निप्र ।** नगर परिषद कार्यालय में वरिष्ठ सफाई कर्मचारी चन्द्रकलाबाई प्रकाश गोहर के सेवानिवृत्त होने पर गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप संतोष मोयदे, सीएमओ संजय रावल, पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधिगण, एल्डरमेन, अधिकारी-कर्मचारी एवं सफाई मित्रों की गरिमामयी उपस्थिति रही ।समारोह में सफाई कर्मी का पुष्पमाला, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमती गोहर ने लगभग 23 वर्षों तक नगर की स्वच्छता एवं सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके लिए नगर परिषद सदैव उनकी ऋणी रहेगी। साथ ही उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं ।श्रीमती चन्द्रकलाबाई गोहर ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम में पार्षद अनिल वर्मा,स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर यशवंतसिंह तवर, प्रकाश गोहर,कैलाश वर्मा,मुकेश श्रीवास,अमित जोशी,मनोहर गोहर सहित निकाय के अधिकारी कर्मचारी, सफाई मित्र एवं अन्य गणमान्यजन शामिल हुए।

### तीन वर्षीय डिप्लोमा एवं चार वर्षीय अंशकालीन डिप्लोमा पाठ्यक्रम के पूर्व विद्यार्थियों के लिए अंतिम अवसर

**सनावद, निप्र ।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित त्रिवर्षीय (3 वर्षीय) डिप्लोमा पाठ्यक्रम में वर्ष 2010 से 2018 के मध्य प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं चार वर्षीय अंशकालीन (Part-Time) डिप्लोमा पाठ्यक्रम में वर्ष 2010 से 2017 के मध्य प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मई/जून 2026 अथवा दिसंबर 2026 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं में से किसी एक परीक्षा में सम्मिलित होने का अंतिम अनुकम्पा अवसर प्रदान किया गया है ।जिसके लिए संस्था में उपस्थित होकर 100 रु के स्टाम्प पर एफिडेविट जमा करना होगा। मई/जून 2026 में आयोजित होने वाली परीक्षा के फॉर्म भरने की अंतिम दिनांक 06/06/2026 है। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय में आकर संपर्क करें।

### बे मौसम आंधी-तूफान से कई पेड़ धराशायी, दयालपुरा मार्ग हुआ अवरुद्ध




**गोगावा, निप्र ।** सोमवार शाम क्षेत्र में आई तेज आंधी तूफान से कई पेड़ धराशाही होने के साथ ही किसानों की खेतो में लगी खड़ी केले की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है बताया जा रहा है कि इस बार आंधी तूफान ने उत्तर दिशा से दक्षिण दिशा की ओर रुख किया था जिससे की खेतो में लगी केले की खड़ी फसलो को भारी नुकसान हुआ है गोगावा निवासी किसान धर्मेंद्र सिंह शेरसिह चौहान व जीवनबाई शेरसिंह के खेतो में लगी केले की पांच एकड़ खड़ी फसल को भारी क्षति पहुंची है किसान का कहना है कि इस वर्ष केले के लगभग सात हजार पौधे लगाए थे फसल फल देने की कंगार पर थी की आज आई तेज आंधी तूफान से करीब साढ़े छ हजार केले के पेड़ धराशाही हो गए है जिससे की लाखो का नुकसान हुआ है किसान ने क्षेत्र के तहसीलदार व पटवारी से नुकसान हुई फसल के सर्वे की मांग की है उधर समीप के ही दयालपुरा मार्ग पर भी कई पेड़ तेज आंधी तूफान से मार्गो के ऊपर गिर गए है जिससे की मार्ग रात्रि में अवरुद्ध हो गया था गिरे पेड़ो को हटाने का काम सुबह से किया जा रहा है लोगो का कहना है कि रोहणी के बीच बे मौसम हवा पानी आंधी आने से गर्मी में नमी आ गई है जिससे की मौसम का मिजाज व तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है।

### पशुधन विकास केंद्र अदंड के अंतर्गत विश्व दुग्ध दिवस मनाया

**अदंड, निप्र।** विश्व दुग्ध दिवस बी एस एस सोनाटा माइक्रो क्रेडिट परियोजना के अंतर्गत पशुधन विकास केंद्र अदंड के अंतर्गत विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया पशुधन विकास केंद्र अदंड के केंद्र प्रभारी पवन बर्वे द्वारा समस्त दुग्ध उत्पादकों को शुभकामनाएं दी गई एवं परियोजना के अंतर्गत निशुल्क कृत्रिम गर्भाधान मिनरल नेपियर टीकाकरण डिवर्मिंग एवं पशुओं को गुणवत्तापूर्ण पशु आहार स्वच्छ जल स्वच्छ दूध के बारे में विस्तार से बताया गया इस अवसर पर अच्छादित ग्राम भगवानपुर जामनिया रेहगाव अदंड सिरलाय के दुग्ध उत्पादक किसान भाइयों ने भाग लिया कार्यक्रम के अंत में लाभान्वित दुग्ध उत्पादकों ने बी एस एस को निशुल्क परियोजना चलाने के लिए धन्यवाद दिया।

### भनगांव पुल पर गहराया मौत का गड्ढा : प्रशासन की लापरवाही से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

**कसरावद, निप्र।** खरगोन जिले की कसरावद विधानसभा के अंतर्गत ग्राम भनगांव बोरावा का मुख्य पुल इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। पिछले कुछ हफ्तों से इस व्यस्त पुल के बीचों-बीच एक बेहद बड़ा और गहरा गड्ढा हो गया है। जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग (PWD) और प्रशासनिक अमले की अनदेखी के चलते इस मुख्य मार्ग पर आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में हाथ पर हाथ धरे बैठा है। तस्वीर बयां कर रही दुर्दशा, पत्थरों के भरोसे सुरक्षा ग्रामीणों और राहगीरों ने बताया कि पुल का हिस्सा धंसने से हुए इस गड्ढे को सुधारने के बजाय वहां महज औपचारिकता निभा दी गई है। जैसा कि वायरल हो रही तस्वीर में भी साफ देखा जा सकता है, गड्ढे के ऊपर एक लोहे की ग्रिल (बैरिकेड) आड़ी पटक दी गई है और चारों तरफ सुरक्षा के नाम पर बड़े-बड़े पत्थर रख दिए गए हैं। रात के अंधेरे में या तेज रफ्तार वाहनों को यह अस्थाई व्यवस्था दिखाई नहीं देती, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। राहुल आढ़तिया सहित क्षेत्रीय नागरिकों में इस प्रशासनिक लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। वहीं राहुल आढ़तिया ने कहा कि कुछ वर्ष पहले ही करोड़ों कि लागत से उक्त पुल निर्माणाधीन हुआं है जों कि



ठेकेदार और विभाग कि मिली भगत से घटिया एवं गुणवत्ता विहीन कार्य किया जाकर भारी भ्रष्टाचार किया गया। जिसके चलते उक्त पुल गड्डो में तब्दील हो गया है। श्री आढ़तिया ने आगे बताया कि प्रतिदिन इस मार्ग से सैकड़ों दों पहिया चार पहिया वाहन सहित ग्रामीण, किसान और स्कूली बच्चे गुजरते हैं। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर खरगोन, लोक निर्माण विभाग (PWD) मध्य प्रदेश, क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद महोदय श्री गजेंद्र सिंह पटेल एवं कसरावद विधानसभा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से पुरजोर मांग की है कि इस संवेदनशील विषय को तत्काल संज्ञान में लिया जाए।

# विश्व क्लब फुट दिवस पर जिला चिकित्सालय में विशेष पहल

## नवजातों को मिला नि : शुल्क उपचार, 4 बच्चों का प्लास्टर, 4 को ब्रेसेस

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** विश्व क्लब फुट दिवस के अवसर पर शासकीय जिला चिकित्सालय खरगोन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) अंतर्गत अनुष्का फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्लब फुट जैसी जन्मजात विकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्रभावित बच्चों को समय पर नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान क्लब फुट से प्रभावित 04 नवजात बच्चों का प्लास्टर उपचार (कास्टिंग) किया गया, वहीं 04 बच्चों को उपचार के अगले चरण के लिए विशेष प्रकार के जूते (ब्रेसेस) प्रदान किए गए।





इस अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक वास्के, डीईआईसी मैनेजर श्री विनोद पवार, डॉ. शुभम महाजन एवं अनुष्का फाउंडेशन से श्री मनोज यादव उपस्थित रहे ।उपचार प्राप्त करने वाले बच्चों में गीता व मनीषा (आयु 22 दिन) ग्राम सिरवेल महादेव तहसील भगवानपुरा, साक्षी (आयु 19 दिन) ग्राम चिपीपुरा तहसील सेगांव तथा वासु (आयु 45 दिन) ग्राम झिरन्या तहसील झिरन्या शामिल रहे, जिनका सफलता पूर्वक प्लास्टर उपचार किया गया।

**कब और कैसे होता है उपचार?:-** विशेषज्ञों ने बताया कि क्लब फुट का उपचार जन्म के तुरंत बाद या जीवन के प्रारंभिक सप्ताहों में शुरू करना सबसे प्रभावी रहता है। पोंसेटी विधि के माध्यम से क्रमिक प्लास्टर लगाए जाते हैं, आवश्यकतानुसार छोटी शल्य प्रक्रिया (टेनोटॉमी) की जाती है तथा बाद में विशेष जूते एवं बार (ब्रेसेस) पहनाए जाते हैं, जिससे विकृति की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। डीईआईसी मैनेजर श्री विनोद पवार ने जानकारी दी कि जिला चिकित्सालय खरगोन में प्रत्येक मंगलवार को क्लब फुट क्लिनिक का संचालन किया जाता है, जहां जांच, परामर्श, प्लास्टर उपचार, फॉलोअप एवं आवश्यकतानुसार विशेष जूतों की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

### क्या होता है क्लब फुट?

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक वास्के ने बताया कि क्लब फुट एक जन्मजात विकृति है, जिसमें नवजात शिशु के एक या दोनों पैर अंदर व नीचे की ओर मुड़े होते हैं। यदि समय पर उपचार न कराया जाए तो भविष्य में चलने-फिरने में कठिनाई हो सकती है। यह समस्या जन्म के समय ही दिखाई देती है और इसका उपचार पूरी तरह संभव है।

### स्वास्थ्य विभाग की अपील

स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी नवजात शिशु के पैर जन्म से टेढ़े या मुड़े हुए दिखाई दें, तो उपचार में देरी न करें और तत्काल जिला चिकित्सालय खरगोन के क्लब फुट क्लिनिक से संपर्क कर समय पर एवं नि :शुल्क उपचार सुनिश्चित करें, ताकि बच्चा स्वस्थ और सामान्य जीवन जी सके।

## नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... कृष्ण जन्मोत्सव की गूंज से भक्तिमय हुआ गायत्री मंदिर परिसर



**भीकनगांव, निप्र ।** स्वर्गीय श्री शिव शर्मा 'बाबा' की पुण्य स्मृति में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गायत्री मंदिर, भीकनगांव में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। जैसे ही व्यासपीठ से पूज्य श्री पाद सेवाप्रिय हरिदास जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य का प्रसंग सुनाया, पूरा कथा पांडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने खड़े होकर भगवान के जन्मोत्सव का स्वागत किया और भजनों पर भक्तिभाव से झूम उठे। महाराज श्री ने कहा कि भगवान जब-जब पृथ्वी पर अधर्म, अन्याय और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब धर्म की रक्षा और भक्तों के कल्याण के लिए अवतार धारण करते हैं। द्वापर युग में जब कंस के अत्याचार चरम पर पहुंच गए थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी माता के अष्टम पुत्र के रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। भगवान का जन्म केवल एक घटना नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय का दिव्य संदेश है।

**भक्ति के नौ मार्गों से मिलती है प्रभु कृपा:-** कथा के दौरान हरिदास जी महाराज ने कहा कि भगवान की प्राप्ति के लिए भक्ति सबसे सरल साधन है। शास्त्रों में भक्ति के नौ स्वरूप बताए गए हैं—श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन। इनमें से किसी एक मार्ग को भी सच्चे मन से अपनाने वाला व्यक्ति भगवान की कृपा का पात्र बन जाता है।

**वामन अवतार, मत्स्य अवतार और राम जन्म प्रसंग का वर्णन:-** कथा के दौरान भगवान के विभिन्न अवतारों का वर्णन करते हुए वामन अवतार, मत्स्य अवतार और भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का भी विस्तार से वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा कि भगवान के सभी अवतारों का उद्देश्य धर्म की स्थापना, भक्तों की रक्षा और अधर्म का विनाश करना रहा है। यही श्रीमद्भागवत का मूल संदेश है।

**बुधवार को गिरिराज जी को लगेगा भव्य छप्पन भोग:-** कथा के समापन पर जानकारी दी गई कि बुधवार को कथा स्थल पर भगवान गिरिराज जी को भव्य छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया। गौरतलब है कि स्वर्गीय श्री शिव शर्मा 'बाबा' की पुण्य स्मृति में आयोजित यह सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा गायत्री मंदिर, भीकनगांव में 5 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जा रही है। कथा वाचक पूज्य श्री पाद सेवाप्रिय हरिदास जी महाराज प्रतिदिन श्रद्धालुओं को कथा अमृत का रसपान करा रहे हैं।

## गृह निर्माण कॉलोनीवासियों ने सड़क-पेयजल समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन, नगर पालिका से वर्षा पूर्व समाधान की मांग

**सनावद, निप्र ।** वार्ड क्रमांक 14 स्थित गृह निर्माण सहकारी समिति कॉलोनी, इंदौर रोड के रहवासियों ने कॉलोनी की बदहाल सड़कों और पेयजल संकट को लेकर बुधवार को नगर पालिका परिषद सनावद में सामूहिक ज्ञापन सौंपा। रहवासियों ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व ड्रेनेज लाइन निर्माण कार्य के दौरान कॉलोनी की मुख्य सड़क को खोद दिया गया था, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद आज तक सड़क का पुनर्निर्माण नहीं किया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में गड्ढों, धूल और आवागमन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।



ज्ञापन में रहवासियों ने कहा कि उन्होंने इस समस्या को लेकर पूर्व में भी कई बार लिखित आवेदन दिए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मानसून आने वाला है, ऐसे में सड़क की मरम्मत न होने से जलभराव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और बढ़ सकती हैं। रहवासियों ने पेयजल आपूर्ति की समस्या भी उठाई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एक दिन छोड़कर मात्र 20 मिनट ही पानी की आपूर्ति हो रही है, जो परिवारों की जरूरत को पूरा करने के लिए बिल्कुल अपर्याप्त है। पेयजल आपूर्ति का समय बढ़ाकर कम से कम 45 मिनट किया जाए। कॉलोनी में स्थित कुएं से नियमित जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कॉलोनीवासियों ने नगर पालिका परिषद से आग्रह किया है कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले दोनों समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि रहवासियों को मानसून में अतिरिक्त परेशानी का सामना न करना पड़े। ज्ञापन सौंपने वाले रहवासियों में मुख्य रूप से कॉलोनी के बुजुर्ग, महिलाएं और युवा शामिल थे।

## सांदीपनी विद्यालय टेमला में 100 सीटर कन्या एवं 100 सीटर बालक छात्रावास की सौगात



**खरगोन, निप्र ।** मध्य प्रदेश शासन की शिक्षा के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास की अवधारणा से संचालित सांदीपनि विद्यालय टेमला में 100 सीटर कन्या छात्रावास एवं 100 सीटर बालक छात्रावास का भूमि पूजन के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक बालकृष्ण पाटीदार के कर कमलो से सम्पन्न हुआ विशेष अतिथि श्री भूपेंद्र पाटीदार मंडल अध्यक्ष खरगोन मंडल, श्री राजेश पाटीदार अध्यक्ष जल उपभोक्ता समिति, श्री मयाराम पाटीदार, श्री भगवान पाटीदार सरपंच प्रतिनिधि ,श्री हेमराज पाटीदार जनपद प्रतिनिधि ,श्री रमेश चंद्र पाटीदार शिक्षक संघ प्रांतीय उपाध्यक्ष ,उप सरपंच श्री वासुदेव पाटीदार ,संकुल प्रभारी भागीरथ पाटीदार थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्री अशोक सिंह पवार ने की मुख्य अतिथि श्री पाटीदार ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य संचालित मध्य प्रदेश शासन की महती योजना है इसी कड़ी में आज 100 ,100 सीटर के दो छात्रावास के भूमि पूजन से ग्रामीण क्षेत्र के अनु. जाति , अनु जन जाति, किसान ,गरीब वर्ग के छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा जो दूरस्थ अंचल से आवागमन नहीं कर सकते उन्हें यहाँ रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी और वह अपने क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम और रोशन करेंगे उन्होंने इस वर्ष हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी एवं आगामी वर्ष में संस्था का परीक्षा परिणाम प्रदेश स्तर पर लाने के प्रयास की बात कही समस्त स्टाफ ने उन्हें विश्वास दिलाया कि आने वाले वर्ष में हम इससे भी अच्छा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देंगे कार्यक्रम का संचालन योगेश गर्दे ने किया एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी संतोष जायसवाल ने किया।

## नशा मुक्ति एवं शराब मुक्त ग्राम अभियान में गांव के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया




**कसरावद, निप्र ।** ग्राम सायता में आयोजित नशा मुक्ति एवं शराब मुक्त ग्राम अभियान को सफल बनाने में गांव की सभी माताओं, बहनों, युवाओं, बुजुर्गों एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। पूरे गांव ने एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।० विशेष रूप से डॉ. वीरेंद्र सिंह पटेल, डॉ. आशीष दुबे, कैलाश दरबार, विकास सिंह पटेल, नवदीप चौहान, पवन चौहान, अथर्व व्यास, विजय केवट, कुलदीप चौहान, निलेश पवार, विक्रम सिंह पटेल, करण सिंह पटेल, दामू पंडित जी, गजराज पटेल, संदीप पटेल राधेश्याम पटेल, तथा एडवोकेट कुणाल दुबे ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। गांव की माताओं, बहनों एवं समस्त ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति रही। सभी ने एक स्वर में नशा मुक्ति का संकल्प लेते हुए गांव को शराब मुक्त बनाने का समर्थन किया।

**एक नजर में** — क्लीनिक शुरू नहीं हो सका और क्षेत्र की जनता इसकी सुविधाओं से वंचित हैं

# स्वास्थ्य विभाग गहरी नींद में, बड़वाह का संजीवनी क्लिनिक बना 'ताले का अस्पताल'

नवभारत न्यूज

**बड़वाह, निप्र ।** प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक योजना शुरू की गई थी। इसी योजना के तहत बड़वाह में भी संजीवनी क्लीनिक भवन का निर्माण नगरपालिका द्वारा पूर्ण कर लिया गया है, लेकिन भवन तैयार होने के बावजूद अब तक स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर नहीं हो पाया है। परिणामस्वरूप क्लीनिक शुरू नहीं हो सका और क्षेत्र की जनता इसकी सुविधाओं से वंचित है। जानकारी के अनुसार, नगरपालिका द्वारा कई बार जिला स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर भवन का हस्तांतरण करने का आग्रह



किया जा चुका है। स्थानीय स्तर पर भी इस मुद्दे को कई बार उठाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्लीनिक शुरू होने से उन्हें अपने क्षेत्र में ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो जातीं, लेकिन 2 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी भवन पर ताला लटका हुआ है। लोगों का आरोप है कि उपयोग नहीं होने के कारण भवन धीरे-धीरे असामाजिक तत्वों का अड्डा बनने की आशंका भी बढ़ रही है। बताया जाता है कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहनसिंह सिसोदिया द्वारा पूर्व में क्लीनिक शुरू कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। वहीं नगरपालिका के अधिकारियों द्वारा भी कई बार पत्राचार किए जाने की बात सामने आई है।

**मिलने वाली थीं ये सुविधाएं:-** मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के संचालन के बाद क्षेत्रवासियों को सामान्य ओपीडी सेवाएं, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, विभिन्न रोगों की स्क्रीनिंग, बुजुर्गों की स्वास्थ्य सेवाएं, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टायफाइड, रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी थीं। इसके अलावा कई बीमारियों की रैपिड टेस्ट किट के माध्यम से जांच और उपचार की व्यवस्था भी प्रस्तावित थी। फिलहाल भवन तैयार होने के बावजूद सेवाएं शुरू नहीं होने से आमजन को इन सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अब लोगों की नजर स्वास्थ्य विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है कि आखिर यह क्लीनिक कब शुरू होगा और जनता को इसका लाभ कब मिलेगा।